राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 02 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश कोर्डिनेटर्स एवं प्रदेशभर से आये सोशल मीडिया वॉलन्टियर्स की बैठक ली।

बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेशभर से आये सोशल मीडिया वॉलन्टियर्स से संवाद करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा वॉलन्टियर्स द्वारा जिन कठिनाईयों का सामना किया जा रहा है उसकी जानकारी ली। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री डोटासरा ने कहा कि नये परिवेश में सोशल मीडिया अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी जिस प्रकार से सोशल मीडिया पर सक्रिय है, सामाजिक एवं राजनैतिक व्यक्तियों द्वारा इस माध्यम की अनदेखी करना असम्भव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सोशल मीडिया वॉलन्टियर्स का समाज के प्रति दायित्व अधिक है क्योंकि उन्हें ना सिर्फ भाजपा के झूठ एवं तथ्यहीन दुष्प्रचार का सही तथ्यों के साथ जवाब देना होता है बल्कि कांग्रेस पार्टी एवं हमारे महान् स्वतंत्रता सैनानियों के दिखाये गये मार्ग पर चलकर शालीनता के साथ समाज के समक्ष अपनी बात रखनी होती है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बूथ स्तर तक सोशल मीडिया वॉलन्टियर्स की नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया विभाग से जुड़े हुए सभी वॉलन्टियर्स को प्रदेशभर में होने वाले कांग्रेस नेताओं के कार्यक्रमों की सूचना दी जायेगी तथा सभी वॉलन्टियर्स प्रदेश के कौने-कौने में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मध्य अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से प्रसारित करें।

श्री डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के स्टेट कोर्डिनेटर्स एवं को-कोर्डिनेटर्स की भी बैठक ली तथा निर्देश प्रदान किये कि सभी कोर्डिनेटर्स एवं को-कोर्डिनेटर्स दिनांक 05 व 06 फरवरी, 2022 तक अपने-अपने प्रभार वाले सम्भाग के जिलों में जाकर पीओसी एवं चीफ एनरोलर्स के साथ बैठक कर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का डाटा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 02 फरवरी। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री मोहनलाल सुखाड़िया जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर श्रद्धांजली कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, राज्य सरकार के मंत्री डॉ. महेश जोशी, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सचिव श्री रामसिंह कस्वां, सचिव श्री जसवन्त गुर्जर, श्री भूराराम सिरवी, श्री प्रशान्त सहदेव शर्मा, श्री गजेन्द्र सिंह सांखला, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, श्रीमती मंजू शर्मा, पं. सुरेश मिश्रा, श्री वीरेन्द्र पूनियां, श्रीमती शबनम गोदारा, श्री महेन्द्र गहलोत, श्री गोपाल नावरिया, श्री मित्रोदय गाँधी, श्रीमती रानी लुबना, श्री आनन्द व्यास, श्री ओमप्रकाश जैदिया, श्री रामकरण कुमावत, श्री राजू खान, श्री रूपसिंह पहाड़िया, श्री धनसिंह नरूका, श्री शरीफ खान, श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री मोहनलाल सुखाड़िया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 04 फरवरी। प्रदेश के कांग्रेस एवं सहयोगी दलों के विधायकों के लिये दिनांक 6 एवं 7 फरवरी, 2022 को दो दिवसीय आवासीय चिंतन शिविर दिल्ली रोड स्थित होटल लीला, जयपुर में आयोजित किया जायेगा। चिंतन शिविर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, कांग्रेस/सहयोगी दलों के विधायक तथा कांग्रेस सरकार को समर्थन दे रहे निर्दलीय एवं सम्बद्ध विधायक भाग लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि चिंतन शिविर में राजस्थान सरकार के 3 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां, जनघोषणा पत्र की पालना, संगठनात्मक कार्यों में विधायकगण की भागीदारी के साथ ही विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर चर्चा होगी तथा वर्ष 2023 में पुनः राजस्थान की सत्ता में वापसी के साथ ही सन् 2024 में केन्द्र से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने हेतु रणनीति पर विचार-विमर्श किया जायेगा। चिंतन शिविर में कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान की समीक्षा की जायेगी। प्रदेश में 50 लाख लोगों को डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से कांग्रेस से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है जिसकी सफलता सुनिश्चित करने हेतु विधायकों के साथ चर्चा की जायेगी। चिंतन शिविर में संगठन को मजबूत करने में विधायकों की भूमिका पर चर्चा प्रमुख रूप से की जायेगी। राजस्थान सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी में आम आदमी को मिल सके तथा राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने के लिये शिविर में योजना बनाई जायेगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter